# प्रेस नोट थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर दिनांक 06.05.2025

## आम जनता को प्रधानमंत्री आवास तथा जीडीए गोरखपुर में भूखण्ड दिलाने के नाम पर पैसा ले लेना तथा फर्जी व कूटरचित रशीद देकर पैसा गबन करने वाले 03 शातिर अपराधियों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत की गयी कार्यवाही

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा संगाठित अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में,पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के द्वारा गैंग लीडर **देवेन्द्र सिंह उर्फ राज सिंह पुत्र दयाशंकर सिंह निवासी माधव नगर थाना पनियरा जनपद महराजगंज** व गैंग के 02 अन्य सदस्य 1- संतोष कुमार पुत्र हरिदास निवासी सिधारीपुर नियर सुभाष चन्द्र बोस नगर कालोनी थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर, 2- श्यामसुन्दर यादव पुत्र शारदा यादव निवासी मिश्रौली थाना हाटा/अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर के साथ मिलकर भौतिक, दुनियावी व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से सामूहिक रुप से एक संगाठित गिरोह बनाकर आम जनता को प्रधानमंत्री आवास तथा जीडीए गोरखपुर में भूखण्ड दिलाने के नाम पर पैसा ले लेना तथा फर्जी व कूटरचित रशीद देकर पैसा गबन करने जैसे अपराध कारित करते रहते है। गैंग के सरगना एवं अन्य सदस्य का सामान्यतः जन मानस में भय एवं आतंक व्याप्त है, जिसके कारण इनको स्वतंत्र विचरण करने से रोकने एवं ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु श्रीमान् जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर द्वारा अनुमोदित गैंग चार्ट तैयार कर गैंग लीडर **देवेन्द्र सिंह उर्फ राज सिंह पुत्र दयाशंकर सिंह** व गैंग के अन्य 02 सदस्यों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मु0अ0सं0-108/2025 धारा **2 ख (i),(viii),(xi)/3(1)** उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 पंजीकृत किया गया।

### पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-108/2025 धारा **2 ख (i),(viii),(xi)/3(1)** उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर

### अभियुक्तों का नाम पता व आपराधिक इतिहास-

1- **देवेन्द्र सिंह उर्फ राज सिंह पुत्र दयाशंकर सिंह निवासी माधव नगर थाना पनियरा जनपद महराजगंज उम्र 27 वर्ष (गैंग सरगना)-**

1-मु0अ0सं0-0238/2024 धारा 406/419/420/467/468/471 /120बी भा0दं0सं0 थाना कोतवाली गोरखपुर

2-मु0अ0सं0-0489/2024 धारा- 406/420 भादसं0 थाना शाहपुर गोरखपुर

3-मु0अ0सं0-1160/2020 धारा- 188/269/270 भादसं0 व 3 महामारी एक्ट थाना शाहपुर गोरखपुर

2- **संतोष कुमार पुत्र हरिदास निवासी सिधारीपुर नियर सुभाष चन्द्र बोस नगर कालोनी थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर उम्र 36 वर्ष**

1-मु0अ0सं0-0238/2024 धारा 406/419/420/467/468/471 /120बी भा0दं0सं0 थाना कोतवाली गोरखपुर

3- **श्यामसुन्दर यादव पुत्र शारदा यादव निवासी मिश्रौली थाना हाटा/अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर उम्र 30 वर्ष**

1-मु0अ0सं0-0238/2024 धारा 406/419/420/467/468/471/120बी भा0दं0सं0 थाना कोतवाली गोरखपुर